| | |
|---|---|
| | INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR |

Class:VI Sub: Hindi (2nd Lang.) Max. Marks: 80

Date : 25.9.2022 Set -2 Time 2.30 hours

***Instructions:***

*(i) **All** questions are compulsory.*

*( ii ) Please write down the serial number of the question before attempting it.*

*(iii) The question paper consists of **20** questions divided into 4 Sections .*

*(iv) There is no overall choice . However, internal choices have been provided.*

*(v) This question paper consists of 5 printed pages.*

## (खण्ड-क)

**प्रश्न–1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए -** 10

एक बार, सुन्दरपुर राज्य का राजा वीर आदित्यनाथ अपने पड़ोसी राज्य राजगढ़ में गया था। राजगढ़ राज्य का राजा ज्ञानेन्द्र उसका मित्र था |राजा ज्ञानेन्द्र ने आदित्यनाथ को दो सुंदर मकाओ तोते दिए। राजा सुंदर तोते लेकर अपने राज्य में लौट आया और उसने पक्षियों को प्रशक्षित करने वाले ट्रेनर को बुलाया।

राजा ने दोनों मकाओ तोतों को महल के बगीचे में एक अमरुद के पेड़ पर रखा था। वह अक्सर दोनों तोतों को अपने महल की खिड़की से देखता था। समय बीतने के साथ, एक दिन ट्रेनर महल में आया और उसने राजा को कहा कि "एक तोता तो आसमान में बड़ी ऊँची उड़ान भर रहा है, पर दूसरा उस दिन से अपनी शाखा से नहीं उड़ पा रहा था, जिस दिन से वह आया था|'' यह सुनकर राजा ने अपने राज्य के साथ-साथ पड़ोस के कई राज्यों के पक्षी प्रशक्षित करने वालों को बुलाया। सबने उस एक तोते को उड़ना सिखाने की बहुत कोशिश की लेकिन दूसरा तोता उड़ने में असफल रहा। अब इस समस्या की जानकारी आम लोगों को भी हो गई। दो दिन बाद राजा के पास एक किसान आया, राजा ने उसे भी एक अवसर दिया ।

अगली सुबह वह दूसरा तोता राजमहल के ऊपर उड़ते देख राजा वीर आदित्यनाथ बहुत खुश हुआ और उस किसान को पास बुलाकर राजा ने पूछा, "तुमने तोते को कैसे उडाया?" सम्मान के साथ हाथ जोड़कर किसान ने राजा से कहा, "यह बहुत आसान है, मैंने बस उस शाखा को ही काट दिया, जहाँ तोता बैठता था।" हमें नए अवसरों का पता लगाने और अपनी क्षमता से परे सफलता पाने के लिए खुद को अपने आराम क्षेत्र से मुक्त करने की आवश्यकता है।

1 - वीर आदित्यनाथ कौन था ?

सुन्दरपुर राज्य का राजा     सुन्दरपुर राज्य का मंत्री

सुन्दरपुर राज्य का सेनापति     सुन्दरपुर राज्य का दरवारी

2- पड़ोसी राज्य का क्या नाम था?

विराटनगर     राजगढ़     रायपुर     चाँदनगर

3- राजा आदित्यनाथ को दो सुंदर मकाओ तोते किसने दिए थे?

शिकारी ने     साधु ने     माली ने     राजा ज्ञानेन्द्र ने

4- राजा ने  दोनों मकाओ तोतों को महल के बगीचे में किस पेड़ पर रखा था?

अमरुद के पेड़ पर                    आम के पेड़ पर

संतरे  के पेड़ पर                    सेव  के पेड़ पर

5-  राजा अक्सर दोनों मकाओ तोतों को कहाँ से देखता था ?

अपने महल की खिड़की से        अपने महल की छत से

अपने महल के बगीचे से          अपने महल की सीढ़ियों से

6 - "एक तोता तो आसमान में बड़ी ऊँची उड़ान भर रहा है, और दूसरा उस दिन से अपनी शाखा से नहीं उड़ पा रहा था, जिस दिन से वह आया था। "

यह वाक्य  किसने , किससे कहा था ?

ट्रेनर ने राजा से,     चोर ने सिपाही से,     शिकारी ने मंत्री से,  माली ने मालिन से

7- अपने राज्य के साथ-साथ पड़ोस के कई राज्यों के पक्षी प्रशक्षित करने वालों को किसने बुलाया था ?

राजा ने              दरवारियों ने          मंत्री ने              न्यायाधीश ने

8 - दो दिन बाद राजा  के पास कौन आया था ?

एक किसान          एक सुनार            एक भिखारी          एक शिकारी

9- किसान को पास बुलाकर  राजा ने  क्या पूछा ?

"तुमने तोते को कैसे उड़ाया ?"          "तुमने चिड़िया को कैसे उड़ाया?"

"तुमने मोर को कैसे उड़ाया?"            "तुमने कबूतर को कैसे उड़ाया?"

10 - " किसान ने क्या किया-

पेड़ काट दिया,     शाखा काट दी,       पत्ते तोड़ दिए,      महल गिरा दिया

## (खण्ड-ख)

प्रश्न - 2 किन्हीं दो शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए - किनारा,    दिन ,    पुत्र    2

प्रश्न - 3 इन शब्दों के विलोम लिखिए:- धर्म ,   हिंसा  ,  ज्ञानी  ,   हार    2

प्रश्न - 4 लिंग बदलिए:-    2

क – <u>राजा</u> ने महल बनवाया |           ख – <u>मोर</u> के पंख सूख गए |

प्रश्न - 5 वचन बदलिए:-    2

क – मेरी <u>आँख</u> में कुछ पड़ गया |          ख – माँ सुनहरी <u>थैला</u> लाई |

प्रश्न - 6 निम्नलिखित वाक्यों में कारक-चिह्न रेखांकित कीजिए :- 2

क – बहन ने भाई के लिए खाना बनाया ।

ख – छत पर चिड़िया का घोंसला है ।

प्रश्न - 7 निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए- 2

क – कपड़े की लंबाई दो मीटर है ।

ख – हमारे घर के बाहर विशाल वृक्ष है ।

प्रश्न - 8 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके फिर से लिखिए | 2

क – कलम यह किसकी है ।

ख – यहाँ शुद्ध गाय का दूध मिलता है।

प्रश्न - 9 निम्नलिखित में से किन्हीं दो मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए:- 2

मुँह में पानी आना, गले का हार, पेट में चूहे कूदना, खून खौलना

प्रश्न -10 इन शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाएँ :- मानव, मोटा, सुंदर, गरम 2

प्रश्न – 11 'सु' या 'आ' उपसर्ग लगाकर दो-दो शब्द बनाएँ :- 2

प्रश्न - 12 'ता' या 'ई' प्रत्यय लगाकर दो-दो शब्द बनाएँ :- 2

प्रश्न - 13 निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए :- 2

क – शेर जंगल का राजा है।

ख – दिल्ली भारत की राजधानी है।

## (खण्ड ग)

प्रश्न - 14 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- 5

वह चिड़िया जो–
कंठ खोलकर
बूढ़े वन–बाबा की खातिर
रस उँडेलकर गा लेती है
वह छोटी मुँह बोली चिड़िया
नीले पंखोंवाली मैं हूँ
मुझे विजन से बहुत प्यार है।

क - कंठ खोलकर कौन गाती है ?

ख - चिड़िया किसकी खातिर गाती है ?



ग – चिड़िया क्या उड़ेल कर गाती है?

घ – चिड़िया के पंख कैसे हैं ?

ङ – चिड़िया को किससे प्यार है ?

प्रश्न - 15 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- 5

गरमी के दिन थे| बाबूजी दफ़्तर गए हुए थे । अम्मा दोनों बच्चों को सुलाकर खुद सो गई थीं । लेकिन बच्चों की आँखों में आज नींद कहाँ ? अम्मा जी को बहलाने के लिए दोनों दम रोके, आँखें बंद किए, मौके का इंतजार कर रहे थे। ज्यों ही मालूम हुआ कि अम्मा जी अच्छी तरह सो गईं, दोनों चुपके से उठे और बहुत धीरे से दरवाज़े की सिटकनी खोलकर बाहर निकल आए। अंडों की हिफ़ाजत की तैयारियाँ होने लगीं। केशव कमरे से एक स्टूल उठा लाया, लेकिन जब उससे काम न चला तो नहाने की चौकी लाकर स्टूल के नीचे रखी और डरते- डरते स्टूल पर चढ़ा ।

क - बाबूजी कहाँ गए हुए थे ?

ख - दोनों बच्चों को सुलाकर खुद कौन सो गई थीं?

ग - किनकी आँखों में आज नींद नहीं थी?

घ - बहुत धीरे से दरवाज़े की सिटकनी खोलकर बाहर कौन निकल आए थे ?

ङ पाठ का नाम लिखिए |

प्रश्न - 16 निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दीजिए:- 5

क - चाँद की पोशाक पर क्या जड़ा है ?

ख - श्यामा की नींद कब खुली ?

ग - चिड़िया ने कितने अंडे दिए थे ?

घ - लक्ष्मण कहाँ गए थे ?

ड.- चिड़िया कौन से मोती ले जाती है ?

च- किस के डर से राजपा ने अलबम को अँगीठी में डाल दिया था?

प्रश्न - 17 निम्नलिखित में से किन्हीं 6 प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में दीजिए:- 12

क - लड़की किससे और क्या बातें कर रही है **?**

ख - अंडों के बारे में केशव और श्यामा के मन में किस तरह के सवाल उठते थे ?

ग - चाँद का चेहरा कैसा है और वह कैसा नज़र आता है?

घ - लडकियों ने नागराजन से अलबम किसे माँगने भेजा और क्यों ?

ड.- कविता के अनुसार चिड़िया का कैसा चित्र आपके मन में उभरता है?

च - 'अब और कितनी दूर चलना है ,पर्णकुटी कहाँ बनाइएगा ' किसने किससे पूछा और क्यों ?

छ- वे आपस ही में सवाल-जवाब करके अपने दिल को तसल्ली क्यों दे दिया करते थे?



प्रश्न – 18 निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में दीजिए:- 8

क - चाँद की पोशाक के बारे में कविता में क्या कहा गया है ?

ख - माँ के सोते ही केशव और श्यामा दोपहर में बाहर क्यों निकल आए ? माँ के पूछने पर दोनों में से किसी ने भी दोपहर में किवाड़ खोलकर बाहर निकलने का कारण क्यों नहीं बताया ?

ग- वन के मार्ग में सीता को कौन कौन सी-कठिनाइयों का सामना करना पड़ा ?

घ- लेखक ने राजप्पा के टिकट इकट्ठा करने की तुलना मधुमक्खी से क्यों की?

## खण्ड घ

प्रश्न – 19 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 70-80 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए| 6


1 समुद्र तट की सैर

2 मेरा प्रिय त्योहार

3 भारत का राष्ट्रीय पक्षी 'मोर'

4 मेरी प्यारी माँ

प्रश्न –20 दिए गए चित्र का वर्णन लगभग 30-40 शब्दों में कीजिए:- 5





0000000000000